साल 7 आपके साथ
सामाजिक गतिविधियों का लेखा जोखा
सबसे पहले सबसे तेज

कुमावत इंडिया

Email : kumawatindiapatrika@gmail.com Website : www.kumawatindiapatrika.in

वर्ष-8 | अंक-6 जनवरी-2025 पृष्ठ-32 मूल्य : ₹ 20.00

महाकुंभ 2025



DPS AJMER

Sr. Sec. School

Tabiji Farm Road, Ajmer

ESTABLISHING

The Right Environment

We believe in building a modern culture using both traditional & next-generation tools. So, your child's natural talents can blossom.

SHASHI PAL KUMAWAT
Chairman

Our Activities

Archery & International
Level Shooting Range

Swimming Pool
"DPS Wave Pulse"

Horse Riding Club
Won Laurels at the National Level

Skating Rink

Karate Club
We have won Karate Championship at District, State & National Level.

Art & Craft

Tabiji Farm Road, Near D.D. Puram, Beawar Road, Ajmer

Web: www.dpsajmer.in E-Mail: info@dpsajmer.in

कुमावत प्रगति ट्रस्ट

पता : एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018

संरक्षक	:	जयकिशन सोकिल	मो. 9829125428
अध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट	मो. 9887440666
उपाध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)	मो. 9414074376
सचिव	:	श्रीमती भारती तोंदवाल	मो. 9414810584
कोषाध्यक्ष	:	लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल	मो. 9549656438
सदस्य ट्रस्टी	:	सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल)	मो. 9829056063
		रमेश कुमावत (गेदर)	मो. 9414554322
		चेतन बालोदिया	मो. 9414052736
		मोहन लाल कुमावत	मो. 9887557425
मुख्य सलाहकार	:	सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा)	मो. 9414994006
सलाहकार	:	गिरधारी लाल सिंघनवाल	मो. 9414263429

सम्पादक मण्डल : रमेश चन्द कुमावत (गैदर) सम्पादक -9414554322, **सह-सम्पादक** : रमेश तोंदवाल 9460870125 एवं प्रिया मारवाल 9408093778 तथा मनीष कुमावत 9660702083, रवि कुमावत 9829600411, लक्ष्मीनारायण सिरस्वा 9829791846, उर्वशी बालोदिया 9351680888, **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

व्यवस्थापक मण्डल : महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496, अशोक कुमावत -9352070394, श्रीमती शशि कला बालोदिया, मुकेश कारगवाल 9828606056 व राजसिंह बधानिया 9414238799 **उप-कोषाध्यक्ष :** खेमचंद खड़गटा 9829140629 **विधि सलाहकार :** राकेश कुमावत एडवोकेट 9829152561 विशेष आमंत्रित सदस्य : मनोज सिरस्वा।

पत्रिका सहयोगी :

छत्तीसगढ़ : रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397 दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580 सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444 वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299 मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188 जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301 कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402 सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657 उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044,** जगदीश मामोडिया **मो. 9024805687 ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493,** रवि बेडवाल **मो. 8290303003 बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957 सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812 इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645 किशनगढ़ :** प्रभुदयाल तुनगरिया **9680931428**

प्रोसेसिंग व मुद्रक : राज ब्लॉक्स, 22 गोदाम, जयपुर

सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ठ संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-650

विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700

नोट 1 : संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ठ संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

नोट 2. 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे। 6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385

यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर रसीद प्रेषित करें।

स्वत्वाधिकार : कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक सी.एम. कुमावत द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018 से प्रकाशित, सम्पादक रमेश चंद कुमावत।

सम्पादकीय

13 जनवरी 2025 माघ पूर्णिमा के दिन प्रयागराज में **महाकुम्भ-2025** का आगाज 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं के त्रिवेणी के पावन जल में डुबकी के साथ हो चुका है। प्रथम अमृत स्नान मकर संक्रांति में 13 अखाड़ों के साधुओं का स्नान के लिए जाने का भव्य दृश्य तो देखने योग्य था, इस दिन 3.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने महाकुम्भ में स्नान का लाभ लिया। 26 फरवरी तक 44 दिन चलने वाले इस महाआयोजन में 40 करोड़ से अधिक हिन्दु श्रद्धा एवं आस्था के साथ महाकुम्भ में आना सम्भावित है। ऐसा माना जा रहा है कि ऐसा शुभ अवसर एवं योग 144 वर्ष बाद आया है। इसके लिए भारतीय रेलवे, उत्तर प्रदेश तथा आसपास के राज्यों की सरकारों ने आवागमन की विशेष व्यवस्था की है। अब तक जो भी महाकुम्भ में गया उसने यहां की व्यवस्थाओं को बहुत ही उम्दा बताया है। तो भला अपने जीवन में दुबारा न आने वाले इस विशाल आयोजन को देखे बिना क्यों रहें।

3 फरवरी 2025 को माँ सरस्वती को समर्पित पावन पर्व **वसंत पंचमी** है, ज्ञान व विद्या की देवी की पूजा इस दिन की जाती है। इस दिन अबूझ सावा है तथा अनेक युवा विवाह बंधन में बंधेंगे और अनेक मांगलिक एवं धार्मिक कार्य होंगे। वहीं वसंत ऋतु में पेड़-पौधों पर नई कोपल आने तथा सुगन्धित पुष्प खिलने से प्रकृति एवं वातावरण भी सुहाना हो जाएगा। आप सभी ऋतुओं के राजा वसंत ऋतु का भरपूर आनन्द लें।

26 जनवरी, 2025 को भारत के गणतंत्र को 75 वर्ष पूर्ण हो जायेंगे। इन 75 वर्षों में भारत का गणतंत्र एवं लोकतंत्र पूर्णत: सफल रहा है। यह हमारे संविधान निर्माताओं की सूझबूझ एवं विद्वत्ता का परिचायक है। जबकि भारत के पड़ौसी देशों में वहां का संविधान एवं लोकतंत्र को अनेक बार विफलता देखनी पड़ी। भारत में समय-समय पर हुए चुनावों ने हमारे लोकतंत्र एवं गणतंत्र को अक्षुण्ण रखा है। भारत किसी अन्य देश के अधीन नहीं है तथा अपने निर्णय स्वयं लेता है। हमारी स्वतंत्र न्यायपालिका ने भी समय-मय पर अपने उत्तरदायित्व का ठीक से निर्वहन किया है। आज भारत महाशक्तियों से आंख से आंख मिलाकर बात करता है तथा भारत के नेतृत्व का विश्व में डंका बज रहा है। भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था बन चुका है तथा वर्ष 2030 तक विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह सब कुछ भारत के संविधान की बदोलत सम्भव हो पाया है। आइये, हम सब मिलकर 'भारत माता की जय' बोलें तथा देश के विकास में अपना हरसम्भव योगदान दें। आप सभी को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं। जय भारत!

- रमेश कुमावत (गैदर)

हमारी वेवबसाइट www.kumawatindiapatrika.in पर आप 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के पिछले अंक व अन्य विवरण देख सकते हैं।

सम्पादकीय	3
विशिष्ट संरक्षक : CA डॉ. अनूप कुमावत	4
अद्वितीय एवं भव्य महाकुम्भ पर रिपोर्ट	5
प्रयागराज का अक्षयवट	6
बाबू शोभाराम जी कुमावत की बायोग्राफी जारी...	6
कुंदनपुरा स्कूल में 60 बच्चों को शिक्षण सामग्री व स्वेटर वितरित	6
डॉ. अनूप कुमावत "Young HOD	6
स्वामिनी सेवा संस्था की ओर से रक्तदान व चिकित्सा शिविर का आयोजन	7
मुकेश कुमावत ने जन्मदिन पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका टीम का सम्मान किया	7
उदयपुर में खेल प्रतियोगिता आयोजित	7
कुमावत वरिष्ठ नागरिक ट्रस्ट का स्थापना दिवस	8
विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का महत्व बताया	8
सामुहिक विवाह	8
जादूगर आंचल का एडवेंचर विद फायर देखकर दर्शक अचंभित	9
सर्वोच्च न्यायालय ने की पिपलांत्री मॉडल की सराहना	9
उदयपुर, कुमावत समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान	10
ड्रैगन बोर्ड राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीते	10
वसंत ऋतु	11
तिब्बत में भीषण भूकम्प	11
तीर्थराज प्रयाग-महाकुम्भ पर्व की महिमा	12
महाकुंभ प्रयागराज	14
व्यापार-उद्योग में दृष्टिकोण परिवर्तन	14
कुमावत बेलदार संघ, गुजरात का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न	15
कृष्ण कुमार वर्मा सम्मानित	15
हनी कुमावत ने नेशनल में रजत जीता	15
कमलेश कुमावत को रेल सेवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया	15
मुकेश कुमावत ने जीती शतरंज प्रतियोगिता	15
वैवाहिक विज्ञापन	16=18
महिला सशक्तिकरण से ही सशक्ति समाज	19
चरण स्पर्श के नियम	20
'न' शब्द की महिमा	20
क्या युवाओं का शादी से मोहभंग हो रहा है ?	21
60 साल पार के लोग- भाग्यशाली	22
जयपुर ज्वैलरी शो जेजेएस -24 में मनमोहक कलाकृतियों ने जमाया रंग	22
खुशी का पैमाना है- आत्म संतुष्टि	23
विशिष्ट संरक्षक सूची व श्रद्धांजलि	24
विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची	25
पत्रिका नहीं मिलने पर सम्पर्क करें	26
हेमचंद कुमावत NSUI जयपुर शहर जिला प्रभारी नियुक्त	27
सरला कुमावत भाजपा मंडल अध्यक्ष नियुक्त	27
डॉ. अरविंद को मिला अटल अचीवमेंट अवार्ड	27
किशोर कुमावत को कांस्य पदक	27
खुशबू कुमावत को Ph.D. की उपाधि	27
सलोनी कुमावत को Ph.D. उपाधि	27
राकेश कुमावत संभागीय अध्यक्ष नियुक्त	27
बधाई विज्ञापन	28
अभिषेक के साथ श्री हनुमानजी महाराज को कराया नवीन चोला धारण	29
गरिमा कुमावत को कला रत्न सम्मान	29

विशिष्ट संरक्षक

CA डॉ. अनूप कुमावत

पुत्र श्रीमती लक्ष्मी देवी-श्री घनश्याम कुमावत (भौंरोदिया) निवासी 76, प्रताप नगर, कण्डीरा मार्ग, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर-302012

वर्तमान में डॉ. अनूप कुमावत राजस्थान विश्वविद्यालय में लेखाशास्त्र एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष हैं। ये पाठ्यक्रम डिजाइन करने वाले बोर्ड ऑफ स्टडीज के सदस्य हैं। श्री अनूप कुमावत ''द इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्टेंट ऑफ इंडिया'' के एसोसिएटेड सदस्य हैं। अभी ये स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को अध्ययन व शोध करा रहे हैं।

आपका विवाह श्री मोहन सिंह गढ़वाल एवं श्रीमती शशि गढ़वाल की ज्येष्ठ पुत्री आकांक्षा गढ़वाल के साथ हुआ है, जो M.Com., MBA है तथा जयपुर विद्युत वितरण निगम में क. लेखाकार के पद पर कार्यरत हैं। आपकी दो पुत्रियां मनस्वी तथा भुविका है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार आपका स्वागत करते हुए आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

वैवाहिक

Dr. Vaibhav Kumawat

Height	:	5'7"
Date of Birth	:	28 May 1996
Education	:	MBBS in 2022 (Currently preparing for NEET PG)
Grand Father	:	Sh. Shankar Lal Kumawat
Father	:	Sh. Kamal Kumawat Astt. General Manager, BSNL
Mother	:	Smt. Lalita Kumawat House Wife
Elder Brother	:	Nitesh Kumawat Probationary Officer in Bank of Baroda
Younger Brother	:	Software Engineer in MNC
Gotra	:	Self- Jayalwal Mother- Kirodiwal Dadi- Kolugaria Nani- Ghodela
Contact Details	:	9413395535 (Father) 9414631395 (Grand Father)

Residence: 69 Mahadev Nagar, Nandpuri, 22 Godam, Hawa Sadak Jaipur

अद्वितीय एवं भव्य महाकुम्भ पर रिपोर्ट

हिन्दुओं का सबसे विशाल धार्मिक समागम कुम्भ माना गया है। इसमें करोड़ों भारतीयों की आस्था व हमारी समृद्ध विविध संस्कृति का विलक्षण संगम है। महाकुम्भ का अमरत्व स्वयंसिद्ध है। कुम्भ स्नान को आये श्रद्धालुओं व साधु संतों को देखकर पूरा विश्व चकित हैं। इस बार तो 144 वर्षों बाद ऐसा शुभ योग एवं अवसर आया जिसने कुम्भ को 'महाकुम्भ' बना दिया। इसमें देश-विदेश से 40 करोड़ लोगों के आने की सम्भावना बतायी गयी है तथा उसी के अनुरूप यहां सारी व्यवस्था की गयी है।

13 जनवरी, 2025 को माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाकुम्भ का शुभारम्भ हुआ जिसमें 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने महाकुम्भ स्नान का लाभ लिया। 14 जनवरी 2025 मकर संक्रांति के दिन त्रिवेणी में कपकंपाती ठण्ड में 3.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। उन्हें न तो यह सर्दी रोक पायी न हाड़कंपा देने वाला ठण्डा पानी। 13 जनवरी की रात से ही साधु-संतों के अखाड़ों में ईष्टदेवों तथा निशान (झण्डों) की पूजा प्रारम्भ हो गयी थी तथा प्रात: 14 जनवरी को शरीर पर भस्म व माथे पर तिलक लगाकार 13 अखाड़ों के साधु-संन्यासियों की शोभायात्रा निकली। इस शोभायात्रा में आगे ध्वज, घोड़ों पर नगाड़ा बजाते साधुओं की पालकिंया निकली, उसके बाद महामण्डलेश्वर और उनके पदाधिकारियों के रथ और पीछे-पीछे तलवार, भाला, गदा, त्रिशुल लिए नागा साधुओं का विशाल समुह दर्शनीय था। लाखों श्रद्धालु इनकी एक छवि पाने के लिए बेताब थे। वे मार्ग के दोनों ओर खड़े थे। अखडावाइज साधुगण 'महादेव', 'सीताराम', 'राधेश्याम' और 'बोले सो निहाल' का जयघोष करते हुए चल रहे थे। आसमान से पुष्पवर्षा ने सारे वातावरण को खुशनुमा बना दिया था। श्रद्धालु साधु-सन्तों की चरण रज को माथे से लगा भाव-विभोर हो रहे थे। जुलूस में सबसे पहले जूना अखाड़े के आचार्य अवशेशानन्द गिरी, निरंजनी अखाड़े के रविन्द्रपुरी चले, वैष्णव अखड़े के वल्लभाचार्य निम्बकाचार्य भी थे। किन्नर अखाड़े को मान्यता प्राप्त नहीं है, अत: वे जूना अखड़े के भाग के रूप में शामिल थे।

आर्य समाज, इस्कॉन तथा पतंजली योगपीठ जैसे 9 धार्मिक संगठन भी कुम्भ में शामिल होते हैं। इस बार किन्नर अखाड़ा भी शामिल है।

एपल कम्पनी के को-फाउण्डर स्टीव जॉब्स की पत्नी लारेन पावेल भी पति के निधन के 12 वर्ष बाद महाकुम्भ में आयी। उनके गुरु स्वामी कैलाशानन्द ने उसे कमला नाम दिया। एक इंजीनियर भी साधु बनकर महाकुम्भ का भाग बना।

इस महाकुम्भ में ऐसे भी साधु आये हैं जिनके प्रण/संकल्प देखकर आश्चर्यचकित हुए बिना नहीं रहा जा सकता—

- सिर पर 45 किग्रा. रूद्राक्ष की मालाएं धारण करके तप करते साधु
- कांटों पर सोने वाले साधु

शेष पृष्ठ 13 पर...

प्रयागराज का अक्षयवट

प्रयागराज में अक्षयवट स्थित है। मान्यता है कि त्रिमूर्ति के शक्तिपुंज से अक्षयवट का निर्माण हुआ था। यह अक्षयवट सतयुग से लेकर अब तक विद्यमान है। अर्थात यह सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और अभी कलयुग में भी है। इसकी जड़े पाताल लोक तक होना माना जाता है। यह 5278 वर्ष पुराना है। ऐसी धारणा है कि समुद्रमंथन से प्राप्त कल्पवृक्ष के एक अंश के रूप में अक्षय वट है। पृथ्वी पर आई प्रलय में भी यह बचा रहा था। पृथ्वी को बचाने के लिए ब्रह्माजी ने अक्षयवट के नीचे यज्ञ किया था। जिसमें विष्णु यजमान तथा शिव देवता के रूप में आये थे। यह मनोरथ वृक्ष (मोक्ष वृक्ष) भी माना जाता है। इसके नीचे सरस्वती नदी बहती है।

अक्षयवट के पास सरस्वती कूप है तथा सरस्वती नदी यहीं से पाताल में मिलती है। कहा जाता है कि जैन संत ऋषभदेव ने भी अक्षयवट के नीचे तपस्या की थी।

भारत में जब से मुस्लिम शासक आये उसके बाद से ही उन्होंने विशेषकर पठानों व मुगलों ने अक्षयवट को काट डालने, जला देने तथा उसमें तेजाब डालकर नष्ट करने का प्रयास किया किन्तु अक्षयवट पुनर्जीवित हो गया। मुगल काल में इसके चारों ओर किला बनाकर बंद कर दिया था जिससे हिन्दु श्रद्धालु उसके दर्शन न कर सकें।

कालान्तर में जो भी श्रद्धालु प्रयागराज जाते हैं वे वहां अक्षयवट के दर्शन मोक्ष की अभिलाषा के साथ करते हैं।

बाबू शोभाराम जी कुमावत की बायोग्राफी जारी...

स्वतंत्रता संग्राम के अमर पुरोधा, मत्स्य संघ के प्रधानमंत्री,

अलवर शहर के दो बार सांसद तथा राजस्थान सरकार में तीन बार मंत्री रहे बाबू शोभाराम जी कुमावत की 111वीं जयंती पर उनकी जीवनी (Biography)का श्री जोराराम जी कुमावत (माननीय पशुपालन मंत्री राजस्थान सरकार) के कर कमलों द्वारा 7 जनवरी 2025 को प्रात: 11.00 बजे, 385-B सिविल लाइन्स जयपुर में जारी की गयी। निर्माता निर्देशक - चिरँजी कुमावत ने बाबू शोभाराम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की यह बायोग्राफी भारतीय सिनेमा चैनल पर ऑनलाइन देखी जा सकती है।

इस अवसर पर दीनदयाल किरोडीवाल रोजड़ी, हनुमान धुंधारिया महेशनगर, घनश्याम कुमावत रेनवाल, जगदीश कुमावत, राजेश कुमावत, दांतारामगढ व अनेक गणमान्य समाजबन्धु उपस्थित थे। इस महान नेता की बायोग्राफी बनाने के लिए श्री चिरंजी कुमावत साधुवाद केपात्र हैं।

-निर्माता निर्देशक : चिरँजी कुमावत, 8619666046

कुंदनपुरा स्कूल में 60 बच्चों को शिक्षण सामग्री व स्वेटर वितरित

रेनवाल मांजी के ग्राम पंचायत पहाड़िया के कुंदनपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में प्रधानाध्यापिका ममता मीणा की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि **भारती कुमावत**, कर्मचारी नेता लक्ष्मीनारायण मीणा, नानूराम कुमावत के सानिध्य में विद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री के साथ ही ऊनी स्वेटर वितरण किया गया। सुमन शर्मा, कानाराम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि समाजसेविका भारती कुमावत के सहयोग से विद्यालय के सभी 51 छात्र, छात्राओं व अन्य 9 विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर के साथ में ही आवश्यक शिक्षण सामग्री पेंसिल, रबर, कॉपी के साथ अन्य सामग्री वितरित की गई। स्वेटर मिलते ही विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान छा गई। इस दौरान प्रधानाध्यापिका ममता मीणा, सुमन शर्मा, भंवर लाल यादव, कजोड़ गुर्जर, खेमराज कुमावत इत्यादि के साथ ग्रामीण व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

डॉ. अनूप कुमावत "Young HOD of The year 2024" से सम्मानित

डॉ. अनूप कुमावत को जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में इंस्पिरा रिसर्च एसोसिएशन द्वारा एकेडमिक एक्सीलैंस अवार्ड 2024 के तहत "Young HOD of The year 2024" से सम्मानित किया गया। डॉ. कुमावत राजस्थान विश्वविद्यालय में एबीएसटी. विभाग के विभागाध्यक्ष हैं।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से डॉ. अनूप कुमावत को बधाई।

स्वामिनी सेवा संस्था की ओर से रक्तदान व चिकित्सा शिविर का आयोजन

जयपुर। सोडाला स्थित बंदडेश्वर महादेव मंदिर में संस्था की 8वीं वर्षगांठ के अवसर के विशाल रक्तदान व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा, जयपुर के जिलाध्यक्ष चेतन कुमावत व पूर्व महापौर मुनेश गुर्जर थी। रक्तदान शिविर में युवाओं व महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। समिति के गुरूदयाल कुमावत, गोविन्द कुमावत व महेन्द्र कुमावत बताया कि शिविर में 52 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। शिविर में विभिन्न प्रकार की जांचें की गई तथा दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमावत ने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास रहता है कि समाज के वंचित और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की सहायता हो सके। इसी प्रयास में इस शिविर का आयोजन किया गया है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा, जयपुर शहर के जिलाध्यक्ष चेतन कुमावत समिति पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। अनेक बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। पूर्व महापौर मुनेश गुर्जर ने कहा कि बहुत से लोगों को तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है और रक्तदान करके हम आसानी से उन्हें जीवनदान दे सकते हैं। यह दुनिया में किसी काम को करके मिलने वाली सबसे बड़ी संतुष्टि में से एक है, जिसे रक्तदान करने वाला ही अनुभव कर सकता है। इसके अलावा रक्तदान करने वाला व्यक्ति समाज में गौरवान्वित स्थान रखता है और दूसरों के लिए प्रेरणा होता है।

इस अवसर पर समाजसेवी नीरज कुमार शर्मा, मनोज खांडल, जयसिंह गुडीवाल, राजेन्द्र सैनी, रूढमल कारगवाल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने केक काटकर संस्था के स्वर्णिम आठ वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी।

मुकेश कुमावत ने जन्मदिन पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका टीम का सम्मान किया

5 जनवरी, 2025 को हेरिटेज रिसोर्ट, जयसिंहपुरा, भांकरोटा, जयपुर में 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के व्यवस्थापक मण्डल सदस्य मुकेश कुमावत जो गुंजन इवेन्ट्स तथा महान टेंट हाउस के संचालक हैं ने अपना 51वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। भक्ति संगीत, भोजन प्रसादी तथा ठाकुरजी की पालकी का कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक रहा।

इस अवसर पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से सर्वश्री रामप्रकाश मारोठिया (अध्यक्ष), रामप्रकाश मारवाल (उपाध्यक्ष), श्रीमती भारती तोंदवाल (सचिव), सी.एम. कुमावत (ट्रस्टी एवं प्रकाशक), रमेश गैदर (ट्रस्टी एवं सम्पादक) लक्ष्मीनारायण घोड़ीवाल (कोषाध्यक्ष), खेमचंद खड़गटा (सह-कोषाध्यक्ष) रमेश वर्मा, लक्ष्मी नारायण सिरस्वा आदि ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। श्री मुकेश कुमावत (कारगवाल) ने कुमावत इंडिया पत्रिका टीम का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस हेरिटेज रिसोर्ट के मालिक भी स्वयं मुकेश कुमावत है, जिसमें बैंकट हॉल, 10 कमरे, स्वीमिंगपूल आदि की सुविधा है। आभार

उदयपुर में खेल प्रतियोगिता आयोजित

मकर संक्रांति 2025 खेलकूद पखवाड़े के तहत बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ वैकुण्ठ एकेडमी पुलां, उदयपुर में हुआ। पुलां पंचायत अध्यक्ष रमेश भदानिया, महामन्त्री कन्हैयालाल ईठारा एवं कार्यक्रम में पधारे अथिति देवाली पँचायत के अध्यक्ष भागचन्द्र बातरा, सकरामपूरा पँचायत के महामन्त्री कुलदीप जी टाँक, अनूप टाँक मुकुंदपुरा से तनिष्क सलवाडिया धीरज खण्डारिया, पंकज अजमेरा, क्रीतैश खण्डारिया, सूरजपोल से जितेन्द्र नाहर का पुलां आयोजन कमिटी के मोहित रावड़िया, भविष्य गोठवाल, युद्धवीर गोठवल पुलां पँचायत सदस्य राजेश गोठवल दिनेश झालवार, विरेन्द्र गोठवाल ने उपरना ओढ़ाकर सम्मान किया एवं खेल का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक दया शंकर रावड़िया ने बताया कि मकर संक्रांति खेल पखवाड़े के तहत आगामी 5 जनवरी 2025 को सामाजिक ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला, वॉलीबाल, केरम तथा शतरंज प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।

कुमावत वरिष्ठ नागरिक ट्रस्ट का स्थापना दिवस

भवगीत सेवा सदन, सुखेर, उदयपुर में कुमावत वरिष्ठ नागरिक ट्रस्ट का स्थापना दिवस आयोजित किया गया, जिसमें समाज के लगभग 200 सदस्यों द्वारा भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री दुष्यंत लारना द्वारा ईश वंदना से प्रारंभ हुई तथा जिन सदस्यों का विगत माह में जन्म दिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ थी उनका तथा वरिष्ठतम सदस्या 90 वर्षीया श्रीमती अंबाबाई धर्मपत्नी स्व. श्री अंबालाल धनरिया का सम्मान श्री ओमप्रकाश एवं श्रीमती शारदा टांक द्वारा किया गया। श्रीमती पुष्पा टॉक ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद तीन बार से अधिक अयोध्या यात्रा की है उनका सम्मान किया गया तथा 21 बार से अधिक पांच दिवसीय धार्मिक यात्राएं करने वाले श्री प्रकाश एवं श्रीमती मीना जी इंठारा का सम्मान किया गया। भामाशाह श्री गिरधारी लाल सिंघनवाल, निदेशक, ज्योति शिक्षण संस्थान का सम्मान श्री सुखलाल ऊंटवाल, उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम हेतु भवगीत सदन नि:शुल्क उपलब्ध कराने के लिए पूर्व पार्षद श्रीमती गीता देवी कुमावत का श्रीमती भगवती खंडारिया द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती नर्मदा देवी इंठारा व उनकी टीम द्वारा **महारास** का आयोजन किया गया, जिसमें कृष्ण लीलाओं का भव्य मंचन किया गया। श्रीमती नर्बदा देवी इंठारा का सम्मान श्रीमती गीता देवी चोरमा द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमान गोविंद सिंह जी टांक निवर्तमान महापौर का सम्मान श्री हरिशंकर खण्डारिया, अध्यक्ष द्वारा किया गया। श्री टांक ने संदेश दिया कि समाज में ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी संस्कारवान हो। पूर्व सभापति नगर परिषद उदयपुर श्री युधिष्ठिर कुमावत ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज का संगठन मजबूत होता है तथा भाईचारे की भावना बढ़ती है। ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिशंकर खंडारिया द्वारा सभी वरिष्ठ समाजजनों से निवेदन किया कि वह अपने समस्त बैंक खातों डीमैट खातों एवं जीवन बीमा पॉलिसीयों में नॉमिनी अवश्य अंकित करावे तथा अपने जीते जी अपनी संपत्ति अपने जीवनसाथी को वसीयत करें तथा प्रेम-स्नेह के वसीभूत होकर अपने बच्चों को संपत्ति का हस्तांतरण नहीं करें अन्यथा मरणोपरांत जीवनसाथी संपत्ति के अभाव में तिल-तिल कर हर रोज मरेगा। अत: अपनी संपत्ति पहले जीवनसाथी को तथा जीवनसाथी के नहीं होने पर उस संतान को जो आपकी सेवा करें उसको ही संपत्ति की वसीयत करें। प्रोफेसर डॉक्टर जमनालाल कुमावत का आगरा में आयोजित ब्रेस्ट कैंसर के राष्ट्रीय सेमिनार में अपने शोध-पत्र वाचन पर राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर उन्हे सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री हिम्मत सिंह मानणिया के द्वारा किया गया तथा शंकर लाल जी भदाणिया, मंत्री द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का महत्व बताया

रामपुरा डाबडी। स्कूल भट्टों की गली में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्कूल निदेशक डीडी कुमावत की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा का महत्व है। इसके चलते लोगों की जान बचती है, दुर्घटनाओं में कमी आती है और सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों व आमजन के लिए यह दुर्घटनाओं आदि में बचाव है। सड़क सुरक्षा से लोगों को सिखाया जाता है कि वाहन चलाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखा जाता है।

विद्यालय प्रिंसिपल अनीता चेजारा ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत आधुनिक भारत में सड़क सुरक्षा एक चुनौती में कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निखिल कुमावत व नव्या कुमावत ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में अध्यापिका मोनिका कुमावत, आशा कुमावत, पूनम प्रजापत, काजल अग्रवाल, संतोष शर्मा, नम्रता पारीक, चंपा चौधरी, शर्मिला शर्मा, रामावतार कुमावत आदि उपस्थित थे।

सामुहिक विवाह

श्री क्षत्रिय कुमावत समाज सामूहिक विवाह एवं विकास समिति रजि., त्रिवेणीधाम, शाहपुरा जिला जयपुर का 16 वां सामुहिक विवाह 6 अप्रैल रामनवमी को होने जा रहा है। विवाह के लिए पंजिकरण 30 दिसंबर से शुरू हो गया है। -अध्यक्ष, अशोक मारवाल, पावटा एवं त्रिवेणीधाम, शाहपुरा जिला जयपुर।

श्री कुमावत क्षत्रिय सामुहिक विवाह समिति, जयपुर द्वारा 33 वें सामुहिक विवाह सम्मेलन 4 फरवरी 2025 सूरज सप्तमी पर कुमावत छात्रावास, गोविंदम टावर के पास जयपुर में रखा जा रहा है।

श्री क्षत्रिय कुमावत समाज कल्याण संस्थान, दहमी कलां बालाजी, अजमेर रोड, जयपुर में वसंत पंचमी 2 फरवरी, 2025 को 7वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

जादूगर आंचल का एडवेंचर विद फायर देखकर दर्शक अचंभित

उदयपुर। वन, टू, थ्री और आंचल मात्र तीन सेकण्ड में आग से धधकते बाड़े में से बाहर निकल आई। सांस रोक देने वाले इस एडवेंचर विद फायर कार्यक्रम के मंजूर देखने गांधी ग्राउण्ड में तीन घण्टे से एकत्रित बड़ी संख्या में भीड़ के लिये यह हैरतअंगेज करतब अचम्भित, अकल्पनीय से कम नहीं था।

प्रारम्भ में कार्यक्रम संयोजक एवं समाजसेवी डॉ जिनेन्द्र शास्त्री ने अतिथियों का स्वागत कर बताया जादूगर आंचल ने इस कार्यक्रम के तहत 150 फीट लम्बी लोहे की जंजीर, 131 तालों से स्वयं को एक बक्से में स्वयं को बांधा। बक्से को शाम 7 बजकर 17 मिनिट चारे के बाड़े में उतारा और कार्यक्रम संचालन कर रहे जादूगर राजकुमार द्वारा वन, टू, थ्री बोलते ही आंचल उस धधकते बाड़े से बाहर आ गई। उसके बाहर आते ही गांधी ग्राउण्ड दर्शकों की तालियों से गूंज उठा। सह संयोजिका किरण जैन ने बताया आंचल का यह देश में तीसरा और उदयपुर में पहला शो था। आंचल को जंजीरों से बांधने से पूर्व जंजीर व तालों का कुल वजन 80 किलो था। आंचल ने बताया उनका यह शो मनोरंजन नहीं वरन् युवाओं को जीवन में तनाव से मुक्त रहने का संदेश देना था। शो से पूर्व आंचल ने अपने पिता गिरधारीलाल कुमावत से आशीर्वाद लिया। प्रचार संयोजक अनिल चतुर्वेदी ने बताया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्यराजसिंह मेवाड़, निवृत्तिकुमारी मेवाड़, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल, डॉ श्याम एस सिंघवी, स्नेहदीप भाणावत, हंसराज चौधरी, भूपेन्द्र श्रीमाली, विश्व हिन्दी साहित्य परिषद के कुलपति डॉ एचएस गणेशिया, सुरभि अनीश धींग, डॉ सीमा जैन, रजनी डांगी, वदंना वजेरानी, युधिष्ठिर कुमावत, विभाग प्रचारक धनराज, राकेश पोरवाल, नरेंद्र जैन, श्वेता जैन, महंत इंद्रदेव दास महाराज, आशा पण्ड्या, हंसराज चौधरी आदि मौजूद थे।

इस एडवेंचर के कारण जादूगर आंचल का नाम ''लंदन बुक ऑफ विश्व रिकॉर्ड'' में दर्ज हुआ है तथा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अपने कर कमलों से यह प्रमाण पत्र जादूकर आंचल कुमावत को सौंपकर गौरव बढ़ाया है।

सर्वोच्च न्यायालय ने की पिपलांत्री मॉडल की सराहना

बेटी के जन्म पर पिपलांत्री में 111 पौधे लगाने की है परंपरा

पर्यावरण सरंक्षण व बेटी बचाओं के लिए देश दुनिया में पर्यावरण और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए चर्चित पिपलांत्री मॉडल की सर्वोच्च न्यायालय ने सराहना की। गौरतलब है कि पिपलांत्री में बेटियों के जन्म के अवसर पर परिवार द्वारा 111 पौधे लगाए जाते हैं वहीं सामाजिक सुरक्षा के लिए पंचायत की ओर से बेटियों के नाम पर सावधी जमा योजना में एफडी करवाई जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में इस मॉडल को लागू करने की बात कही। राजस्थान सरकार को इस मुद्दे को देखने के लिए एक पांच सदस्यीय समिति बनाने के निर्देश दिए।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस एसवीएन भट्टी और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने राजस्थान में पवित्र वनों की सुरक्षा के बारे में अपना फैसला सुनाया था। पिपलांत्री पहल न केवल पारिस्थितिकी बहाली में योगदान देती है, बल्कि प्रत्येक नवजात लड़की के नाम पर की गई सावधि जमा के माध्यम से वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करके महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देती है। इन पेड़ों की बेटी और उसका परिवार ना सिर्फ देखभाल करता है बल्कि अपने परिवार का सदस्य मानकर राखी बांधकर दुनिया को बेटी, जल, जंगल और पर्यावरण बचाने का संदेश देता है। वहीं बेटी के नाम से एफडी की जाती है, जो 18 साल बाद परिपक्व होने पर उसे दी जाती है।

रक्षा बंधन पर होता है राखी उत्सव

जिले के पिपलांत्री पंचायत में जन्म लेने वाली बेटियां पेड़ों को भाई मानती हैं और रक्षाबंधन के पहले पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लेती है। 20 साल पहले चारों तरफ मार्बल खदानों से गिरा पिपलांत्री गांव बंजर था, लेकिन तत्कालीन सरपंच श्याम सुंदर पालीवाल का पर्यावरण के प्रति लगाव पिपलांत्री गांव को हरा भरा कर दिया। इस सराहनीय कार्य के लिए तत्कालीन सरपंच श्याम सुंदर पालीवाल को केन्द्र सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया था। साथ कई अन्य सम्मान भी उन्हें मिल चुके हैं।

पिछले करीब 20 वर्ष से हो रहे महोत्सव में विगत वर्ष में जन्म लेने वाले शिशुओं के नाम पर एक पौधा लगाया एवं बेटियों के प्रति सम्मान भाव का सन्देश दिया जाता है। इसी के साथ यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को वहां पर **एक पेड़ बेटी के नाम** लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया जाता है। पिपलांत्री पर्यावरण महोत्सव देश में ही नहीं बल्कि समूचे विश्व में अनूठी मिसाल बन चुका है।

उदयपुर, कुमावत समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान, 45 होनहारों को मिला प्रोत्साहन

कुमावत समाज, उदयपुर नगर की प्रतिभा सम्मान समिति द्वारा 25 दिसंबर 2024 को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में समाज की शिक्षा, खेलकूद, और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह के मंच संचालन की जिम्मेदारी डॉ. आरती कुमावत ने कुशलता पूर्वक निभाई।

अतिथिगण की गरिमामयी उपस्थिति : इस आयोजन में समाज के प्रमुख व्यक्तित्वों ने अपनी उपस्थिति से इसे गरिमामयी बनाया:

संरक्षक: श्री गोविंद सिंह टाँक (पूर्व महापौर, उदयपुर), मुख्य अतिथि: श्रीमती पूजा गोठवाल (आर.ए.एस., लेखाधिकारी, नाथद्वारा मंदिर मंडल ट्रस्ट), समिति अध्यक्ष: श्री हरीश कुमावत, कुमावत ट्रस्ट प्रतिनिधि: डॉ. जगदीश साडीवाल, प्रतिभा अध्यक्ष: डॉ. सुलोचना कुमावत तथा संयोजक: श्री जी.एल. कुमावत

विशिष्ट पहल : समिति संयोजक श्री जी.एल. कुमावत ने बताया कि इस समारोह का उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और प्रेरणा प्रदान करना है। साथ ही कार्यक्रम का परिचय देते हुए बताया की यह कार्यक्रम संस्था में 1997 से लगातार 25 दिसम्बर को आयोजित होता आ रहा है।

सम्मानित प्रतिभाएं: 1. कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉपर्स: श्री जितेन्द्र जी तुनीवाल द्वारा अंशुल स्मृति में प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। श्री अनन्तराम जी झालवार चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 4 विद्यार्थियों को रु. 2500/- की नकद राशि दी गई।

2. होनहार 45 प्रतिभाओं का सम्मान: सैकंडरी, सीनियर सैकंडरी, स्नातक, और उच्च शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

3. राजकीय सेवाओं में नव-नियुक्त : 2 युवाओं को उनके प्रेरणादायक योगदान के लिए विशेष सम्मान दिया।

4. सेवानिवृत्त 04 समाजबंधु : सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में समाज के वरिष्ठ सदस्यों को शाल, उपरना और श्रीनाथ जी की तस्वीर देकर सम्मानित किया गया।

5. महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयास: कुमावत ट्रस्ट द्वारा 8 तलाकशुदा और विधवा महिलाओं को रु. 7000/- की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

साहित्यिक योगदान का सम्मान: समाज के उन लेखकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिनकी पुस्तकें वर्ष 2024 में प्रकाशित हुई थीं।

समारोह में वरिष्ठजनों की उपस्थिति : कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें श्री नंद लाल जी बाबरिया, श्री भगवान जी सदुंडिया, श्री महेंद्र जी टांक, श्री जितेंद्र जी आर्य, श्री पन्ना लाल जी सारिया, श्री मनीष जी कुमावत, श्री अरुण जी अजमेरा, श्रीमती मधु जी कुमावत, श्रीमती ललिता जी अजमेरा, श्री पंकज जी झालवार, और श्री गोपाल लाल जी सदुंडिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संदेश और समापन : समारोह का समापन राष्ट्रगान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

डॉ. रजनीश कुमावत ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए समाज की प्रगति और एकता पर जोर दिया। यह आयोजन समाज की एकता, समर्पण और शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनकर उभरा। प्रतिभा सम्मान समारोह ने समाज के युवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और अपने समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

''प्रतिभा का सम्मान समाज को नई दिशा देता है। यह पहल हमारी संस्कृति और एकता का प्रतीक है। आइए, हम सभी मिलकर समाज की प्रगति के लिए कार्य करें।''

जी.एल कुमावत, संयोजक,
प्रतिभा सम्मान समारोह समिति, उदयपुर

ड्रैगन बोर्ड राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीते

दिल्ली में ड्रैगन बोर्ड की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कुमावत समाज उदयपुर के भी चार बच्चों ने राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व किया और कांस्य पदक जीता:

सक्षम गोठवाल पुत्र मुकेश गोठवाल, कनिष्का कुमावत पुत्री प्रमोद कुमावत, शगुन कुमावत पुत्री सुनील गोठवाल तथा चार्वी कुमावत पुत्री कीर्तेश कुमावत।

इन सभी को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना।

वसंत ऋतु

फिर से वसंत ऋतु आ गई है। यह अलग बात है कि वह आसपास पहले जैसी दिखती नहीं है। पहले की तरह कलियां, तितलियां, बहुतायत में आम्र मंजरियां कहां दिखती हैं! फुदकती गौरैया कहां दिखती हैं। खासतौर से जो महानगरों, शहरों में बहुमंजिली इमारतों से घिरे हुए रहते हैं, उन्हें कहां सुनाई पड़ती है कोयल की बोली! वे गाड़ियों और उनके शोर से घिरे रहते हैं। उन्हें वसंत ऋतु कहां दिखती है, दिखती हैं गाड़ियों की कतारें, दिखते हैं दोपहिया, बसें, होर्डिंग्स, तरह-तरह के विज्ञापन। वर्तमान युग में वसंत ऋतु दुबकी हुई ही मिलती है। पर उसको आना है, आती ही है। हमें दिखाई पड़े या न दिखाई पड़े।

जो इसे देखना चाहते हैं, देख ही लेते हैं, महसूस कर लेते हैं, कुछ तो फूलों-पत्तियों में, आकाशी रंगों में, पवन में, बयार में, आसपास के गमलों में भी दिखती है फूलों की बहार में। **जिन खोजा तिन पाइयां।** हां, निराश होने की जरूरत नहीं है। बनन में, बागन में, बगरो वसंत है-पद्माकर की तर्ज पर देखें, तो शहरी पार्कों में फूलों के भांति-भांति के रंग दिखते हैं! महसूस होता है बाग-बगियों में कोयल व गीत, गौरया की चहक, मादक बहार, खेतों में सरसों का संगीत, मस्त मौसम की मृदंग, उल्लास व प्रेम की भाषा अमरूद जैसे अपने फलों पर मंडराते हैं तोते आदि।

बहुत पहले कवि सोहनलाल द्विवेदी ने वसंती पवन शीर्षक कविता में ये पंक्तियां लिखी थीं- जब करने को मैं चला भ्रमण, तब मिली आज कुछ नई पवन। भीनी-भीनी इसकी सुगंध। जिससे भौंरे बन जाएं अंध। यह पवन भरी थी मधुर गंध। तन हुआ मगन, मन हुआ मगन, जब मिली सुगंधित नई पवन। कुछ कुछ ऐसा तब हुआ भान-इसमें सुगंध भी भांत-भांत। आसान न सब जानना बात। बस मीठा था दिसि का कण-कण। यों मिली अनोखी सुखद पवन।

जोशना बनर्जी आडवाणी ने एक कविता में लिखा है-**एक लीला रचने आते हैं दिन रात।** बहुत पहले महादेवी वर्मा ने लिखी थीं ये पंक्तियां-**पुलकती आ वसंत रजनी।** यह न भूलें कि कविता भी, किसी भी भाषा, किसी भी देश-समाज की कविता बहुत कुछ बचाकर रखती है अपने समाज, अपने अंचल और अपने देश की बातें। और उनके उच्चारण मात्र से फिर से सृजित हो जाती है कोई ऋतु, कोई वनस्पति, कोई लीला। सो याद है कि हमारे समय के अप्रतिम चित्रकार, कवि, कला-चिंतक जगदीश स्वामीनाथन कभी-कभी सहसा ही मित्रों के बीच बैठे हुए पाठ-सा करने लगते थे-**महादेवी की इस कविता का-पुलकती आ वसंत रजनी-तारों मय नव वेणी बंधन...फूल शीश यह शशि का नूतन...।**

और महादेवी ने ही अपनी एक अन्य वसंत कविता में लिखा है-देव! आज वसंत। में हो राग-उन्मद। बोलता है पिक सुनो। टुक यह मधुर स्वर, और प्रतिध्वनि सी। उसी की जान पड़ता। दूसरे पिक का 'कुहू' में दिया उत्तर।

फिर वसंत ऋतु की एक तिथि भी तो है-**वसंत पंचमी** और उस अवसर पर होने वाली सरस्वती पूजा-अर्चना-वंदना। स्कूलों में भी मनाई जाती है वसंत पंचमी। इसी बहाने मोबाइल युग के बच्चों तक भी कुछ तो खबर पहुंचती है वसंत-श्री की, वसंत ऋतु की।

हमारे देश में हमारी भाषाओं में बहुत हुआ है वसंत का गुणगान। वसंत के वृक्ष शृंखला की संस्कृत कविताओं में से यह कविता देखिए-आम का वृक्ष हो गया युवा। क्रीड़ा करते चंचल भ्रमर टूट पड़ते हैं उस पर। उनके भार से टूटते हैं उसके अंकुर। टूटने से अंकुरों का रस बह उठता है। बहकर सींच देता है समीर को। समीर भर जाता है सौरभ से। उसको सटकाता है यह आम का वृक्ष। और फिर भी यह होता जाता है अविचल मुकुलित। बांटता हुआ उन्माद। आम का यह युवा वृक्ष। -अज्ञात (श्रीधर दासकृत सदुक्ति कर्णामृत)

पर इस मोबाइल युग में तो फेसबुक पर ही ज्यादातर ली-दी जाती हैं वसंत पंचमी की शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति के अनुसार तो यह त्यौहार व संस्कार है। यह दिन माँ सरस्वती का प्राकट्य दिवस है। उनकी पूजा व गुणगान तो होता है साथ ही शिशुओं को अक्षरज्ञान (विद्या आरम्भ) सिखाया जाता है।

वसंत का महत्व हमें भगवद्गीता में मिलता हैं, कृष्ण कहते हैं कि ऋतुओं में मैं बसंत हूँ। अर्थात सभी ऋतुओं में वसंत ऋतु श्रेष्ठ है। यह ऋतु हमारी भारतीय संस्कृति का सम्मान भी है और अध्यात्मक अनुष्ठान भी। आईये, हम सभी वसंत ऋतु का जी भर कर आनन्द लें।

- रमेश गैदर

तिब्बत में भीषण भूकम्प

7 जनवरी, 2025 को सुबह चीन के तिब्बत प्रांत में रिक्टर स्केल 7.1 तीव्रता का भूकम्प आया जिसमें 126 मरे व 188 घायल हुए। इस भूकम्प के झटके नेपाल, भूटान, सिक्कम और उत्तराखण्ड तक महसूस किये गये। तिब्बत में 1000 से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ व दीवारें गिरने से वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए। वहां इन्फ्रास्ट्रक्चर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। बिजली-पानी सप्लाई बाधित हुई है तथा चीन ने माउन्ट एवरेस्ट के क्षेत्रों का पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है। वहां पर लेबल-3 इमरजेन्सी घोषित की गई है। चीनी वायुसेना को भी मदद में जुटना पड़ा।

तीर्थराज प्रयाग-महाकुम्भ पर्व की महिमा

-प्रो. बी.के. कुमावत

जब अमृत कुम्भ समुद्र-मंथन से निकला तभी से अमृत कुम्भ महापर्व का शुभारम्भ हुआ था। पुराणों में कुम्भ का सन्दर्भ मिलता है। भगवान् धन्वन्तरि समुद्र-मंथन के दौरान अमृत कुम्भ लेकर प्रकट हुए थे। देवता-दानवों में होड़ मच गई कि पहले अमृत कौन प्राप्त करेगा। अमृत को दानवों से बचाने के लिये देवराज इन्द्र के पुत्र जयन्त को भगवान् विष्णु ने यह संकेत दिया कि वे वह कुम्भ लेकर चले जाएं। तदनुसार, जयन्त सबकी नजर बचाकर अमृत कुम्भ लेकर देवलोक की ओर उड़ चले। किन्तु दानवों के गुरु शुक्राचार्य ने उन्हें देख लिया। देखते-देखते देव-दानव युद्ध आरम्भ हो गया और अन्ततोगत्वा अमृत कुम्भ बचाने में देवताओं को सफलता मिली। इस आकाशीय युद्ध के दौरान अमृत कलश से देवलोक में 8 और पृथ्वी लोक में 4 बूंदें छलक पड़ीं। पृथ्वीलोक में 4 अमृत बूंदें क्रमश: **प्रयाग** और **हरिद्वार** में बहने वाली गंगा नदी में, **उज्जैन** की शिप्रा नदी में और **नासिक** की गोदावरी नदी में गिरी। कहते हैं कि तभी से इन चारों पवित्र स्थानों में अमृत-कुम्भ जागृत करने की परम्परा का शुभारम्भ हुआ। उल्लेख है कि यह देव-दानव युद्ध 12 मानवीय वर्षों तक जारी रहा। इसी कारण इन नदियों के तटों पर हर 12 वर्षों के अन्तराल पर कुम्भ पर्व आयोजित करने की परम्परा स्थापित हुई। ऋग्वेद में कुम्भ का वर्णन मिलता है और यजुर्वेद में कुम्भ के लिये प्रार्थना का उल्लेख मिलता है। वैदिक काल में धार्मिक-सामाजिक उत्सवों को 'समन' के नाम से जाना जाता था जो एक प्रकार से मेलों का ही स्वरूप माना जाता था। इन मेलों में हजारों की संख्या में लोग आते, यज्ञ हवन करते, स्नान-ध्यान करते तथा देव-दर्शन करते थे। ये लोग कल्पवास भी इन पवित्र स्थानों पर करते थे। सभी स्थानों के साधु-सन्त भी आते थे। प्रयाग तथा हरिद्वार में अर्द्धकुम्भ (छ: वर्षों के अन्तराल पर) भी आयोजित होते हैं।

ध्यान रहे समुद्र-मंथन से 14 रत्न मिले थे- 1. कालकूट विष, 2. कामधेनु, 3. उच्चैश्रवाअश्व, 4. ऐरावत हाथी, 5. कौस्तुभ मणि, 6. कल्पवृक्ष, 7. अप्सराएँ, 8. लक्ष्मी, 9. वारुणी, 10. चन्द्रमा, 11. शंख, 12. शार्ङ्ग धनुष, 13. धन्वन्तरि, 14. अमृत।

भारत की स्वतंत्रता के अमृतकाल में तीर्थराज प्रयाग में महाकुम्भ पर्व-2025 का आयोजन सनातन संस्कृति के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा जिसमें लगभग 45 करोड़ लोगों को (संयुक्त राज्य अमेरिका की कुल जनसंख्या के डेढ़ गुना) त्रिवेणी-संगम में स्नान-पूजन-दर्शन का लाभ प्राप्त होगा। अर्थात गंगा-यमुना-सरस्वती पावन नदियों के संगम स्थल पर पुण्य लाभ का अवसर मिलेगा। वे यहाँ शीत में कल्पवास करेंगे, पर्व स्नान करेंगे एवं अक्षयवट का दर्शन करेंगे। प्रत्येक 12 वर्षों में यह आयोजन होता है किन्तु स्वतंत्रता के अमृतकाल में होने वाला यह अनुष्ठान विशेष महत्व का है। इसका महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है कि यह प्रथम महाकुम्भ है जब श्रीरामलला अपनी जन्मस्थली पर नवनिर्मित भव्य मन्दिर में विराजमान हैं। यह महाकुम्भ पर्व हमारे महान् राष्ट्र की अखण्डता, सम्प्रभुता, शौर्य, समृद्धि को रेखांकित करता है। त्रिवेणी के जिस तट पर वह महाकुम्भ आयोजित हो रहा है, उसी तट पर **त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम** ने लोकमंगल हेतु अपनी वन-लीला का स्वस्तिवाचन किया-

को कहि सकइ प्रयाग प्रभाऊ। कलुष पुंज कुंजर मृगराऊ।।
अस तीरथमति देखि सुहावा। सुख सागर रघुबर सुखु पावा।।
कहि सिय लखनहि सखहि सुनाई। श्रीमुख तीरथराज बढ़ाई।।
करि प्रनामु देखत बन बागा। कहत महातम अतिअनुरागा।।
एहि बिधि आइ बिलोकी बेनी। सुमिरत सकल सुमंगल देनी।।
मुदित नहाइ कीन्हि सिव सेवा। पूजि जथाविधि तीरथ देवा।।

(रा.च.मा. 2/106)

अर्थात् पापों के समूह रूपी हाथी को मारने के लिये सिंहरूप प्रयागराज का प्रभाव (महत्त्व या महात्म्य) कौन कह सकता है। ऐसे सुहावने तीर्थराज का दर्शन कर सुख के समुद्र रघुकुल श्रेष्ठ श्रीरामजी ने सुख पाया। उन्होंने अपने श्रीमुख से सीताजी, लक्ष्मणजी और सखा गुह को तीर्थराज की महिमा कह कर सुनायी। तदनन्तर प्रणाम करके वन और बगीचों को देखते हुए और बड़े प्रेम से महात्म्य का बखान करते हुए श्रीरामजी ने आकर त्रिवेणी का दर्शन किया, जो स्मरण करते ही सब सुन्दर मंगलों को देने वाली है। फिर आनन्दपूर्वक त्रिवेणी में स्नान करके शिवजी की सेवा (पूजा) की और विधिपूर्वक तीर्थ देवताओं का पूजन किया।

गोस्वामी तुलसीदासजी ने **श्रीरामचरितमानस** में लिखा है कि माघ महीने में जब सूर्य मकर राशि को प्राप्त होते हैं, तब प्रयागराज में देवता, दैत्य, किन्नर और मनुष्य आदि सब कोई झुण्ड के झुण्ड आते हैं और सभी आदरपूर्वक त्रिवेणीजी में स्नान करते हैं, वेणीमाधवजी के चरण कमलों की पूजा करते हैं और अक्षयवट का स्पर्श करके उनके सब अंग पुलकित होते हैं।

माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहि आव सब कोई।।
देव दनुज किन्नर नर श्रेनी। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनी।।
पूजहिं माधव पद जलजाता। परसि अखयबटु हरषहिं गाता।।

(रा.च.मा. 1/44)

माधव भगवान् की पूजा की विशेषता इस कारण है कि वे माघ के स्वामी हैं। विनायकी टीका में उल्लेख है कि द्वादश महीने के महात्म्य में परमेश्वर अलग-अलग माह में एक-एक नाम से पूजे जाते हैं- जैसे अगहन में केशव, पौष में नारायण, माघ में माधव, फाल्गुन में गोविन्द, चैत्र में विष्णु, वैशाख में मधुसूदन, ज्येष्ठ में त्रिविक्रम, आषाढ़ में वामन, श्रावण में श्रीधर, भाद्र में ऋषीकेश, क्वार में पद्मनाभ और कार्तिक में दामोदर का विशेष महात्म्य समझा गया है।

गीतावली में तीर्थराज प्रयाग का बहुत सुन्दर वर्णन उत्तरकाण्ड में किया गया है। गोस्वामी तुलसीदासजी लिखते हैं-

'सम्पूर्ण कामनाओं को पूर्ण करने वाले भगवान् राम के मनोहर चरण कमल मानो साक्षात् तीर्थराज होकर विराजमान हैं। श्री शंकरजी के हृदय की भक्ति रूप भूमि पर प्रेममय अक्षयवट शोभायमान है। चरणकमलों का पृष्ठभाग श्यामवर्ण है, तलुए अरुण हैं तथा उनमें शुक्ल वर्ण नखावली शोभायमान है। मानो यमुना, सरस्वती और गंगाजी- ये तीनों मिलकर सुन्दर त्रिवेणी के रूप में चली हों। तलुओं में जो अंकुश, वज्र, कमल और ध्वजा के चिन्ह हैं, वे ही सुन्दर भँवर और तरंगावली हैं। उनमें देवता और साधुजन स्नान करते हैं तथा वे मुनियों के सुप्रसन्न चित्तों के मनोहर निवास स्थान हैं। प्रभु के इस चरण रूप प्रयाग में प्रेम करने से वैराग्य, जप, यज्ञ, योग, व्रत, तप और शरीर त्याग के बिना ही सब सुख तत्काल सुलभ हो जाते हैं।

रामचरण अभिराम काम प्रद तीरथ-राज बिराजै।
संकर-हृदय-भगति-भूतल पर प्रेम-अछयबट भ्राजै।।1।।
स्यामबरन पद-पीठ, अरुन तल, लसति बिसद नखस्त्रेनी।
जनु रबि-सुता सारदा-सुरसरि मिली चलीं ललित त्रिबेनी।। 2।।
अंकुस-कुलिस-कमल-धुज सुंदर भँवर तरंग-बिलासा।
मज्जहिं सुर-सज्जन, मुनिजन-मन मुदित मनोहर बासा।।3।।
बिनु बिराग-जप-जाग-जोग-ब्रत, बिनु तप, बिनु तनु त्यागे।
सब सुख सुलभ सद्य तुलसी प्रभु-पद-प्रयाग अनुरागे।।4।।
(गीतावली उत्तरकाण्ड/15)

पद्मपुराण में तीर्थराज प्रयाग का महत्त्व निरूपित करते हुए श्रीव्यास भगवान् कहते हैं कि प्रयाग का महत्त्व समस्त तीर्थों से अधिक है। प्रयाग की महिमा श्रवण करने से, नामसंकीर्तन से तथा इस क्षेत्र मृत्तिका-लाभ से समस्त पाप क्षार हो जाते हैं स्नान करने से राजसूय एवं अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त होता है। तीर्थराज प्रयाग देवताओं की यजन-भूमि है। प्रयाग तीर्थराज में 12 माधवों का वर्णन मिलता है। 'पूजहिं माधव' देकर प्रयागस्थ अशेष माधवों का अर्थ अभिप्रेत है। जैसे शंख माधव, चक् माधव, आदि माधव, वेणी माधव आदि। 'माधव' शब्द का अर्थ है- भगवती लक्ष्मी के प्राणाराध्य स्वामी/'मा' लक्ष्मी का नाम है। 'मा लक्ष्मी: तस्या: धव: पति: माधव:।' इसी प्रकार 'माया: विद्याया: धव: स्वामी माधव:।' इसी प्रकार 'माया: विद्याया: धव: स्वामी माधव:।' अर्थात् समस्त विद्याओं के अधीश्वर श्री हरि:। अग्नि पुराण में 'माधव' नाम का महात्म्य वर्णन करते हुए कहा गया कि माधव नाम अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष- चारों पुरुषार्थों को देने वाला है। गीताप्रेस गोरखपुर से प्रकाशित **पद्मपुराण** (हिन्दी) के उत्तरखण्ड में तीर्थराज प्रयाग की महिमा के सम्बन्ध में अध्याय 150 के 21वें तथा 22वें श्लोक में वर्णित बात विशेष रूप से उल्लेखनीय है-

21. केषाञ्चिवज्जन्म कोटिर्व्रजति सुवचसायामि यामीति यस्मिन् केषाञ्चिवत्प्रोषितानां नियतमति पतेद वर्षवन्दं वरिष्ठम्। यः प्राप्तो भाग्यलक्षैर्भवति भवति नो वा स वाचामवाच्यो दृष्ट्या वेणी विशिष्ठो भवति दृगतिथिः किं प्रयागः प्रयागः।।

'मैं प्रयाग जाऊँगा, जाऊँगा' इन सुन्दर बातों में ही कितने ही लोगों के करोड़ों जन्म बीत जाते हैं और प्रयाग की यात्रा सुलभ नहीं होती]। कुछ लोग घर से चल तो देते हैं, पर मार्ग में ही फँस जाते हैं, इस कारण उनके अनेक वर्ष समाप्त हो जाते हैं। लाखों बार भाग्य की सहायता होने पर भी जो कभी प्राप्त है और कभी नहीं भी होता, वह त्रिवेणी-संगम-विशिष्ट उत्तम यज्ञभूमि प्रयाग वाणी से परे है। क्या मेरा ऐसा भाग्य है कि वह मेरे नेत्रों का अतिथि हो सके?

22. लोकानाम क्षमाणां मखकृतिषु कलौ स्वर्गकामैर्जपस्तु त्यादिस्तोत्रैर्वचोभिः कथममरपदप्राप्तिचिन्तातुराणाम्। अग्निष्टोमाश्वमेधप्रमुखमखफलं सम्यगालोच्य साङ्गं ब्रह्माद्यैस्तीर्थराजोऽभिमतद उपदिष्टोऽयमेव प्रयागः।।

अर्थात् कलियुग में मनुष्य स्वर्ग की इच्छा होते हुए भी यज्ञ-यागादि करने में असमर्थ होने के कारण जप, स्तुति, स्तोत्र एवं पाठ आदि के द्वारा किस प्रकार अमरपद की प्राप्ति हो- इस चिन्ता से आतुर होंगे, उनको अंगों सहित अग्निष्टोम और अश्वमेध आदि यज्ञों का फल कैसे मिले- इसकी भली भाँति आलोचना करके ब्रह्मा आदि देवताओं ने इस तीर्थराज प्रयाग को ही सब प्रकार के अभीष्ट फलों का दाता बताया है।

अद्वितीय एवं भव्य महाकुम्भ... **...पृष्ठ 5 से आगे**

- अनेक वर्षों से केवल खड़े रहने वाले साधु
- एक हाथ ऊपर रखकर तप करने वाले साधु

अद्भुत-अलौकिक महाकुम्भ हिन्दु संस्कृति का भव्य आयोजन है। करोड़ों लोग मोक्ष की कामना के साथ महाकुभ में आकर गंगा-युमना-सरस्वती के पवित्र घाट पर डुबकी लगाते हैं। इसमें न केवल साधु-संत आये हैं बल्की आध्यात्मक व धर्म के श्रेष्ठजनों के साथ कल्पवासियों को देखने और उनके प्रवचन सुनने तथा आशीर्वाद लेने का सुअवसर होगा।

मेला क्षेत्र में 43 अस्पताल, 125 एम्बुलेंस, 850 समुहों में 10000 से अधिक सफाईकर्मी, 1.50 लाख शोचालय हैं। आने जाने के लिए 13000 टेन, 3000 स्पेशल ट्रेन, 7000 कुम्भ स्पेशल बसें, 550 शटल बसें, 5000 ई-रिक्शा की सुविधा है। सुरक्षा व्यवस्था में AI युक्त CCTV कैमरों से निगरानी के साथ, पुलिस, पेरामिलिटरी व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के लोग चप्पे-चप्पे की निगरानी रख रहे हैं।

असंगठित क्षेत्र के 45 हजार परिवारों के लाखों लोगों, पोर्टर, रिक्शा चालक, टैक्सी चालक, चाय एवं खानपान के दुकानदार, प्रसाद एवं माला वाले, नाविक तथा होटल वालों को अत्यधिक रोजगार मिलता है। कुम्भ के 4000 हेक्टेयर क्षेत्र को 25 सेक्टर्स में बांटकर कार्य किया जा रहा है।

13 अखाड़ों में सन्यासी सम्प्रदाय के 7 अखाड़े: जूना आह्वान, अग्नि, निरंजनी, आनन्द, निर्वाणी, अटल। वैष्णव संप्रदाय के 3 अखाड़े निर्मोही, दिगम्बर, निवार्णी अनी। उदासीन संप्रदाय के बड़ा उदासीन, नया उदासीन, निर्मल अखाड़े समिति है। इन अखाड़ों को कुम्भ में अलग-अलग जमीन दी गयी है। अखाड़ों के मुख्य स्नान हैं: पहला मकर संक्रांति को हो चुका है। अब 29 जनवरी मोनी अमावस्या को, 3 फरवरी बसंत पंचमी को, 12 फरवरी माघ पूर्णिमा और फिर 26 फरवरी शिवरात्री को।

महाकुंभ प्रयागराज

हम सनातनी भाईयों के लिए परम् पिता परमेश्वर ने प्रयाग के महाकुंभ के रूप में एक स्वर्ण अवसर प्रदान किया है, इस महाकुंभ में लगभग 50 करोड़ सनातनी भाई अमृत में डुबकी लगाएंगे, यह हिन्दू समाज की भारत में आधी संख्या है, यह सुअवसर 144 वर्ष पश्चात आया है। हम सनातनी भाई महाकुंभ में अमृत डुबकी लगाकर अपना स्वयं का मोक्ष तो कर लेंगे लेकिन हमारी भारत माता का मोक्ष कैसे हो इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस शुभ अवसर पर भारत के कोने-कोने से पधारे संत, शंकराचार्य व नागा साधु हैं, उन्हें भी सनातन धर्म की सनातन राष्ट्र की चिंता है। बन्धुओं इस महाकुंभ में सनातन समाज के सभी वर्ग व जाति के लोग आ रहे हैं व साथ-साथ सम्मिलित अमृत स्नान कर रहे हैं किन्तु कोई किसी की जाति-पाति नहीं पूछ रहा। यह संगम 42 दिन तक चलेगा, यहां आने वाले सनातनियों के के भीतर भी राष्ट्र व समाज को सुरक्षित व संगठित करने का भाव है किन्तु इसे खुले रूप से उजागर करने की महति आवश्यकता है। अत: आप सबसे यही विनती है कि जो लोग इस स्वर्णिम अवसर पर प्रयाग जा रहे हैं उन्हें वहां अपने राष्ट्र भाव का खुला प्रदर्शन व समर्थन करना चाहिए। जो बन्धु वहां नहीं जा रहे हैं उन्हें अपने-अपने स्थान पर रहकर महाकुंभ की नित्य चर्चा करनी चाहिए, टेलीविजन व समाचार पत्रों का नित्य अवलोकन कर इस भाव को अब निरंतर बनाए रखना चाहिए। बन्धुओं अन्य देशों से आए हुए लोग भी इस सनातन समाज के समागम को लेकर आल्हादित हैं व हमारी महान सनातन संस्कृति के गुणगान करते हुए कहा रहे हैं कि इसी संस्कृति को अपनाने से ही विश्व का कल्याण होगा। अत: हमें गौरान्वित महसूस करना चाहिए कि हमारे अहोभाग्य है कि हमारे जीवनकाल में भारतवर्ष में महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। अत: अब बिना एक पल गंवाए हमें इस संस्कृति व इस देश को सुरक्षित रखने का शंखनाद कर देना चाहिए व इस वातावरण को अब निरंतर बनाए रखना है।

वन्देमातरम, भारत माता की जय। जय श्री राम

- राम प्रकाश कुमावत

व्यापार-उद्योग में दृष्टिकोण परिवर्तन

व्यापार-उद्योग में व्यस्त रहते हुए हम सहज जीवन व्या जी सके, हल्केपन का अनुभव कर सकें, इसके लिए हमें दृष्टिकोण में परिवर्तन करना जरूरी है तथा समस्या रहित व्यापार के लिए रचनात्मक साधन और आध्यात्मिक प्रज्ञा का साथ होना जरूरी है।

व्यापार और व्यवहार में जब कभी कोई समस्या आती है तो हम उसका समाधान बाहर ढूंढ़ते हैं परंतु कई समस्याओं का कारण हम स्वयं ही होते हैं इसलिए पहले हमें स्वदर्शन कर अपने अंदर से समाधान ढूंढ़ना चाहिए।

परिस्थिति या व्यक्ति को बदलने में बहुत राह देखनी पड़ती है क्योंकि वे हमारे कंट्रोल में नहीं हैं, हम स्वयं पर कंट्रोल सहज कर सकते हैं। इससे हम कम समय में बड़ा परिणाम प्राप्त कर सकते हैं तथा न उलझेंगे, न तनावग्रस्त होंगे।

व्यापार में जब हम निष्फल होते हैं तो बहुत जल्दी डर जाते हैं लेकिन आध्यात्मिकता सिखाती है कि उस समय हमें अपने आप में धीरज और आत्मविश्वास धारण करना चाहिए। कई बार उस निष्फलता की परिस्थिति में जल्दी परिणाम पाने के निर्णय, और ही भूलों को जन्म देते हैं। इसके बजाय उस समय हम बहुत सावधानीपूर्वक मूल्यांकन कर निर्णय लेते हैं तो टिकाऊ परिणाम पा लेते हैं। व्यापार में मंदी की स्थिति है तो उस समय हमारे में सयानापन हो एवं समझदारी से काम लेना जरूरी है। अगर व्यापार अच्छा है तो हमारे में संतुष्टता हो। अति लोभ, पाप का मूल है और अनर्थ को न्योता देता है।

व्यापार-उद्योग करके अति धन कमाने की अक्सर हमारी वृत्ति रहती है लेकिन धन के प्रति भी दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता है। धन कमाकर जमा करते जाने से लोभ बढ़ता जाता है और भय भी बढ़ता है परंतु धन को सही दिशा में लगाने से धन सलामत भी हो जाता है और फायदा भी होता है।

व्यापार और उद्योग क्षेत्र में कारोबार प्रति सोचें भी और योग्य प्रदर्शनकारी रणनीति को अख्तियार भी करें। संबंधों में समझदारी से काम लें, चाहे कार्यक्षेत्र के संबंधों में, चाहे पारिवारिक संबंधों में और हर बात में उमंग-उत्साह की रणनीति अपनाएं। स्वयं की क्षमता और कमजोरियों का भी कर्मक्षेत्र पर प्रभाव पड़ता है। स्वयं के जिम्मेवार बन, स्व के उर्ध्वगामी परिवर्तन की रणनीति अपनाएं।

व्यक्ति से समष्टि बनती है इसलिए व्यापार जगत के वातावरण को सही बनाने के लिए, हर व्यापारी को स्वयं अपने विचारों में, वृत्ति में, व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन करने की जरूरत है। व्यवहारिक और व्यवसायिक जगत में मूल्यों को धारण करने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान को जीवन की नीव बनाना है। आध्यात्मिक बनना अर्थात् शाति, अंतर्मुखता, उच्च विचार और आत्मसम्मान को अपनाना है।

ज्ञानामृत से साभार

कुमावत बेलदार संघ, गुजरात का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

12 जनवरी 2025 को गुजरात के सूरत शहर में आयोजित कुमावत बेलदार संघ, गुजरात के भव्य शपथग्रहण समारोह में अतिथि के रूप में रामेश्वर बंबोरिया, विमल कुमावत, रूप सिंह कुमावत, श्रीकांततुसे परदेसी एवं हजारों की संख्या में समाजजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम उपरांत सभी ने भोजन प्रसादी का आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रामेश्वर बम्बोरिया ने एक रहकर ऐसे आयोजन करने का आह्वान किया तथा इससे विवाह में आ रही समस्याओं का निराकरण भी आसान हो सकेगा।

कृष्ण कुमार वर्मा सम्मानित

स्टोन क्रेशर मशीन निर्माता व निर्यातक कृष्ण कुमार वर्मा, को मेक इन इंडिया मिशन को साकार करने हेतु एवं उद्योगों के हित के लिए सेवा, विहिप के इंदौर विभाग के पदाधिकारी रूप मे समाज सेवा के लिए निरंतर कार्य, करने हेतु Pride of Central India Award-2024 से श्री भूपेन्द्र यादव केन्द्रीय पर्यावरण,वन तथा उर्जा मन्त्री एवं दैनिक भास्कर के डायरेक्टर पवन अग्रवाल तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में दिल्ली मे होटल हयात में आयोजित एक समारोह में दिया गया।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्री कृष्ण कुमार वर्मा को हार्दिक बधाई।

हनी कुमावत ने नेशनल में रजत जीता

राजस्थान के लालचंदपुरा, जयपुर के हनी कुमावत ने 41वीं एनटीपीसी सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीता है। हनी के पिता पवन कुमावत अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी है व देश के लिए कई पदक जीत चुके हैं। इस प्रतियोगिता के कंपाउंड इवेंट में लगभग 300 तीरंदाजों ने हिस्सा लिया था। समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय तीरंदाजी संघ के संयुक्त सचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

हनी कुमावत को **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना।

कमलेश कुमावत को रेल सेवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया

फुलेरा। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रोजड़ी के निवासी कमलेश कुमार कुमावत को रेल मंत्रालय से अतिविशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। कमलेश कुमावत रेलवे में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर जयपुर में कार्यरत है। कुमावत को अपने पद उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रेल मंत्रालय से रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के हाथों दिल्ली में पुरस्कृत किया गया।

मुकेश कुमावत ने जीती शतरंज प्रतियोगिता

अखिल भारतीय आंबेडकर परिषद देसूरी द्वारा आयोजित बस्तीलाल भाटी शतरंज टूर्नामेंट रविवार को आयोजित किया गया, जिसको **मुकेश कुमावत** ने जीता। इसमें - खिलाड़ियों ने अपने कौशल, धैर्य और रणनीति का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप (14 वर्ष तक) और सीनियर ग्रुप (14 वर्ष से अधिक) के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सौ.का. आकांक्षा

संग

चि. योगेश

बुधवार, दिनांक 27 नवम्बर, 2024

चौपड़ा रायल्स पैलेस, जयपुर

विज्ञापन

